NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :06, अंक :–14, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 20 जुलाई, 2026 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र

# संसद की तरफ बढ़े प्रदर्शनकारी, लाठीचार्ज

## राजीव चौक और मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन में घुसे प्रदर्शनकारी, रात से जंतर-मंतर पर जुटे हजारों लोग

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने कहा कि अगर 2 घंटे में सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर नहीं भेजा तो वे संसद मार्च के लिए निकल जाएंगे। सीजेपी प्रवक्ता सौरभ दास और आशुतोष रांका जेपी नड्डा से मिलने के लिए पहुंचे हैं। इस बीच वांगचुक ने सफदरजंग अस्पताल को पत्र लिखकर कहा कि संसद मार्च में जाना है, मुझे डिस्चार्ज करें। उधर, जंतर-मंतर से संसद के रास्ते में दो किमी के रास्ते में प्रदर्शनकारी ही दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले सुबह 10 बजे पुलिस ने सोमवार को जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इससे कई लोगों को चोटें आई हैं और कई लोगों के सिर भी फूट गए हैं। हालांकि, पुलिस ने इससे इनकार किया है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से संसद की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान राजीव चौक और मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन में प्रदर्शनकारी घुस गए। कई लोग बैरिकेडिंग तोड़कर पार्लियामेंट थाने तक पहुंच गए हैं। इसके उन्हें हिरासत में लिया गया।







**सपा सांसद डिंपल यादव जंतर-मंतर की तरफ बढ़ीं**

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव अपनी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने के लिए जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रही है।

**दिल्ली यूपी बॉर्डर पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई**

दिल्ली जंतर मंतर पर हो रहे प्रदर्शन को लेकर दिल्ली यूपी बॉर्डर पर पुलिस सुरक्षा बढ़ाई है। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्य ने बताया कि डीएलएफ और लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के पास पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। किसी भी असामाजिक तत्वों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। दिल्ली जाने वाले रास्ते पर वाहनों को चेक किया जा रहा है।

**जेपी नड्डा से मिल रहे सौरभ दास और आशुतोष**

'कॉकरोच जनता पार्टी' के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि आशुतोष रांका और मैं, कॉकरोच जनता पार्टी की तरफ से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मिलने जा रहे हैं। सरकार सुबह बातचीत के लिए पहुंची थी। हमारी मांगें साफ हैं। युवा भारी संख्या में इकट्ठा हुए हैं। हम जीतेंगे!

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सदन में कहा कि पेपर लीक के खिलाफ, बच्चे जंतर-मंतर पर बैठे हैं, लेकिन उनके ऊपर लाठीचार्ज करवाया जा रहा है। मोदी सरकार हमारे युवा की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

**'शिक्षा मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए'**

जंतर-मंतर पहुंचने पर अअढ नेता गोपाल राय ने कहा, रदेश भर से छात्र और युवा जंतर-मंतर पहुंचे हैं। सभी की एक ही चिंता है। शिक्षा मंत्री देश के लाखों छात्रों और युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए; लोग उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं। सरकार ने जबरदस्ती वांगचुक की भूख हड़ताल खत्म करवा दी, जिससे लोगों में गुस्सा है। लोग आज इस मांग के साथ यहाँ जमा हुए हैं कि शिक्षा मंत्री को हटाया जाए और देश के छात्रों और युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया जाए।


# मानसून सत्र में हंगामा: चढ़ावा-चोरी और नीट पर चर्चा के लिए अड़ा विपक्ष

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। संसद के मानसून सत्र के पहले लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष के भारी हंगामे के बीच राज्यसभा और लोकसभा दोनों को तीन बार स्थगित करना पड़ा है। लोकसभा को दोपहर एक बजे तक के लिए स्थगित किया गया है। वहीं, राज्यसभा को 12:50 बजे तक के लिए स्थगित किया गया है।



विपक्ष नीट पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा विवाद, ई20 ईंधन और विदेश नीति समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बना चुका है। सबसे बड़ा सस्पेंस परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक को लेकर है। बदले राजनीतिक समीकरणों और लोकसभा के नए नंबर गेम ने सरकार की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। वहीं सर्वदलीय बैठक में टीएमसी के बागी सांसदों को बुलाने पर विपक्ष के वॉकआउट ने सत्र शुरू होने से पहले ही सियासी तापमान बढ़ा दिया है।

राज्यसभा में बोलते हुए सोमवार को कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह छात्रों का मामला है लेकिन सरकार इस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने राज्यसभा में नीट छात्रों का मुद्दा उठाते हुए कहा, यह छात्रों का मामला है, मैं लाखों बच्चों के भविष्य के बारे में कर रहा हूं। उसके लिए आज जंतर मंतर हजारों बच्चे आए हैं, वहां लाठीचार्ज हो गया है। सरकार मारने की कोशिश कर रही है, सरकार दबाने की कोशिश कर रही है। सरकार कुचलकर वहां से हटाने की कोशिश कर रही है।



# असम से जम्मू-कश्मीर तक हाहाकार

## मौसम की मारः बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से देश भर में 43 से ज्यादा मौतें





**नई दिल्ली।** देश के बड़े हिस्से में मानसून आफत बनकर बरसा है, जहां बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से 43 से अधिक लोगों ने जान गंवाई है। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है, जबकि असम में 57 हजार से अधिक लोग सेना और वायुसेना की मदद के भरोसे सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं।

देश के उत्तरी, पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्सों में मानसून के रौद्र रूप ने भारी तबाही मचाई है। मूसलाधार बारिश, अचानक आई बाढ़ और भीषण भूस्खलन के कारण अलग-अलग राज्यों में कम से कम 43 लोगों की मौत हो चुकी है। असम से लेकर जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड तक हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले एक हफ्ते तक मानसून की यह आक्रामक स्थिति बरकरार रहने वाली है।

**पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन से लोग परेशान**

उत्तर और पूर्वी भारत में कुदरत का सबसे खतरनाक रूप देखने को मिला है। अकेले इन क्षेत्रों में हादसों के कारण 22 लोगों की मौत दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में शनिवार रात बादल फटने से आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। मलबे और उफनते नालों के कारण कई रास्ते बंद हो गए हैं, जिससे सड़कें पूरी तरह ठप हैं।

**बादल फटने से मौतें:** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी में बादल फटने के कारण 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 8 लोग अब भी लापता हैं।

**वाहन बहे:** राजौरी की सुखतो नदी में आई अचानक बाढ़ में न्यू बस अड्डे के पास खड़े दर्जनों वाहन ताश के पत्तों की तरह बह गए।

**यात्राएं स्थगित:** खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा के बाद अब माता वैष्णो देवी और शिवखोड़ी की यात्राएं भी अगले आदेश तक रोक दी गई हैं।

**उत्तराखंड में अलर्ट:** हरिद्वार में बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है। राज्य के देहरादून और ऋषिकेश सहित 10 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**सड़कें बंद:** उत्तराखंड में बारिश और भूस्खलन के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 84 सड़कें पूरी तरह बंद हैं।

**दिल्ली-एनसीआर को राहत:** दिल्ली और आसपास के इलाकों में भीषण उमस के बाद आज मध्यम बारिश का अनुमान है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है।

**नगालैंड में बुनियादी ढांचों को भारी नुकसान**

पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड के माने में अचानक आई बाढ़ में कई घर बह गए और कई लोग मलबे के नीचे दब गए। हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। मोन शहर में भारी बारिश के बाद बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है और भूस्खलन के कारण मुख्य रास्ते बंद हो गए हैं। नगालैंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, निचले इलाकों में जलभराव हो गया है व पहाड़ी ढलानों पर भूस्खलन से यातायात ठप है। आशंका जताई गई है कि मलबे में दबे लोगों के कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**वैष्णो देवी व शिवखोड़ी यात्राएं भी टलीं**

भारी बारिश व खराब मौसम के चलते श्रीअमरनाथ यात्रा के बाद माता वैष्णो देवी व शिवखोड़ी की यात्राएं भी अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई हैं। प्रशासन ने पहलगाम और बालटाल मार्गों से होने वाली अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी है।

**असम में बाढ़ से हाहाकार**

असम में बाढ़ की स्थिति हर घंटे बिगड़ती जा रही है। राज्य के सात प्रमुख जिलों में इस समय 57,000 से अधिक लोग बाढ़ के पानी के बीच घिरे हुए हैं। शिवसागर जिले में एक और व्यक्ति की मौत होने के साथ ही इस साल राज्य में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

हालात इतने गंभीर हैं कि प्रशासन को सेना और वायुसेना को स्टैंडबाय पर रखना पड़ा है। चराइदेव जिला 24,000 प्रभावित लोगों के साथ सबसे बुरी स्थिति में है, जबकि धेमाजी में 22,000 लोग बेहाल हैं। कुल 298 गांव पानी में डूबे हैं और बुरिदिहिंग नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## लखनऊ में जवाहर भवन के चौथे तल पर लगी भीषण आग





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह करीब 9:40 बजे जवाहर भवन के चौथे तल पर आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देख लोगों में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों ने आग की सूचना अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को दी। 10 बजे के करीब पहुंची फायर ब्रिगेड टीम आग पर काबू पाने में जुटी है।

सूचना मिली तो डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इंदिरा भवन जवाहर भवन कर्मचारी संघ के पंकज मेहरोत्रा ने बताया कि जिस तल पर आग लगी है। इस पर कैंटीन, मलेरिया विभाग सहित कई अन्य कार्यालय हैं। जवाहर भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे ने बताया कि जवाहर भवन की चौथी मंजिल पर बने कैफेटेरिया में आग लग गई है। दमकल विभाग के कर्मचारी इसे बुझाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, स्थिति अभी भी काबू में नहीं है। शुरूआती जानकारी से पता चलता है कि आग चौथी मंजिल के कैफेटेरिया से शुरू हुई थी। ढहऊ के कर्मचारियों ने पहले आग बुझाने के उपलब्ध सिस्टम का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से बेकाबू होती जा रही थी।

## खाना खा रहे परिवार पर गिरी छत, चार बच्चों सहित पांच मरे



**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना में तेज बारिश और हवा के दौरान रविवार की रात फुगाना थाना क्षेत्र के हबीबपुर सीकरी गांव में रात खाना खाते समय कच्चे मकान की छत गिरने से सात लोग मलबे में दब गए। मौके पर पहुंचे लोगों काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला और सीएचसी में पहुंचाया। इसमें पिता इस्लाम और उनके चार बच्चों की मौत हो गई। दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों का सीएचसी में उपचार चल रहा है।

मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना के हबीबपुर गांव में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। परिवार के मुखिया मजदूर इस्लाम कस्सार के घर 30 सेकेंड के लिए आई मौत ने ऐसा झपट्टा मारा कि हबीबपुर सीकरी गांव में चीख-पुकार मच गई। जिस घर में कुछ ही देर पहले तक बच्चे खाना खाने की तैयारी कर रहे थे, वहां पर मौत का मातम पसर गया। बस्ती में शोर मचा तो पहले ग्रामीण कुछ समझ नहीं पाए। करीब एक घंटे तक सिर्फ घायल होने की जानकारी ही दी जाती रही लेकिन देर रात परिवार के मुखिया और चार बच्चों की मौत से गांव में गम का माहौल बन गया।

प्रधान प्रमोद कुमार ने बताया कि मजदूर परिवारों ने अपनी पिछली दीवार पक्की की हुई है, जबकि आगे का हिस्सा कच्चा है। रविवार रात बारिश के कारण ईंटों की दीवार गिरने के कारण ही छत गिरी और पूरा परिवार मलबे में दब गया। मोहल्ले के लोगों ने शोर सुना लेकिन एकाएक कुछ समझ नहीं आया। पड़ोसी बाहर निकले तो इस्लाम का मकान गिरा मिला।

## समुद्र में पलट गई 133 यात्रियों को ले जा रही नाव

**गुयाना।** दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहां 133 लोगों को ले जा रही नाव/फेरी समुद्र में पलट गई जिसके बाद हाहाकार मच गया है। अधिकारियों ने इस हादसे की जानकारी दी है और कहा है कि अब तक 67 लोगों को बचा लिया गया। अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि, ये साफ नहीं हो पाया है कि अब तक कितने लोगों की जान गई है।

## अयोध्याः किसी भी हाल में भंग नहीं हो सकता राम मंदिर ट्रस्ट

**अयोध्या।** निर्मोही अखाड़ा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका देकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग उठाई गई है। इससे पहले हिंदू महासभा ने भी राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करने की मांग उठाई है। इसके बाद ट्रस्ट की स्थापना संबंधी मूल ट्रस्ट डीड और नौ नवंबर 2019 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर फिर से चर्चा शुरू हो गई है। उपलब्ध ट्रस्ट डीड के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ट्रस्ट को भंग करने का कोई प्रावधान नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने नौ नवंबर 2019 को अपने फैसले में केंद्र सरकार को तीन माह के भीतर अयोध्या अधिनियम, 1993 की धारा छह और सात के तहत एक योजना बनाकर ट्रस्ट की स्थापना करने का निर्देश दिया था।

फैसले में कहा गया है कि योजना में ट्रस्ट के गठन, उसके प्रबंधन, ट्रस्टियों की शक्तियों, मंदिर निर्माण और उससे जुड़े सभी आवश्यक विषयों का प्रावधान किया जाएगा। इसी आदेश के अनुपालन में भारत सरकार ने पांच फरवरी 2020 को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया और ट्रस्ट डीड निष्पादित की। ट्रस्ट डीड में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि स्थापित ट्रस्ट अपरिवर्तनीय होगा। इसका अर्थ है कि ट्रस्ट को निरस्त या समाप्त करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में ट्रस्ट डीड के उपलब्ध प्रावधानों के अनुसार, ट्रस्टियों में बदलाव या ट्रस्ट डीड की कुछ धाराओं में सीमित संशोधन संभव हैं, लेकिन ट्रस्ट को भंग करने का कोई स्पष्ट प्रावधान ट्रस्ट डीड में नहीं दिया गया है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com प्रबंधन समूह- नीता अग्रवाल, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल जॉली, प्रो पंचशील शर्मा, विजय बंसल, राजीव पाराशर, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, विकास गोयल, गौरव लोधी। (प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 20 जुलाई, 2026


# बादलों का डेरा

## टिप-टिप बारिश से मौसम सुहाना

## दिन में भारी बारिश का अलर्ट

आगरा एनएनआई। सोमवार सुबह से ही मौसम बदला हुआ है। सुबह से काले बादल के साथ ही हल्की बारिश हुई। हल्की हवा चल रही है। इससे उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभागने दिन में भारी बारिश को लेकर अलर्ट किया है। 25 जुलाई तक ऐसा ही मौसम रहेगा। अगले 48 घंटों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होगी। हालांकि अब तक सामान्य से 15 फीसद अधिक बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। अगले कुछ दिनों में बारिश के रिकॉर्ड में और सुधार होगा। मौसम विभाग के मुताबिक इस महीने एक जुलाई से 19 जुलाई के बीच जिले में 186.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होगी। मंगलवार को भारी बारिश का अलर्ट है। 25 जुलाई तक ऐसा ही मौसम रहेगा।





# टोकने से गुस्साए बेटे ने अपने पिता को दी खौफनाक मौत

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज क्षेत्र के अहीर टोला मोहल्ले में रविवार को सब्जी खरीदने के लिए रुपये मांगने को लेकर हुए विवाद में पिता द्वारा दो डंडे मारे जाने से गुस्साए बेटे ने बेसबाल के बल्ले से पीट-पीटकर 70 वर्षीय पिता की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद मौके पर ही डटे रहे आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की।

अहीर टोला निवासी राकेश बाबू (70) और उनके छोटे पुत्र उपेंद्र के बीच सब्जी खरीदने पर विवाद हो गया। उपेंद्र ने पिता से सब्जी के लिए रुपये मांगे, जिस पर पिता ने खुद सब्जी लाने की बात कही। बहस बढ़ने पर पिता राकेश बाबू ने उपेंद्र को दो डंडे मार दिए, जिससे उसके सिर से हल्का खून निकल आया। डंडा लगते ही उपेंद्र बुरी तरह तैश में आ गया और उसने पास ही रखा बेसबाल बैट उठा लिया। उसने अपने वृद्ध पिता के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किए, जिससे राकेश बाबू की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के समय घर के भूतल पर आरोपी उपेंद्र की पत्नी वंदना शर्मा भी मौजूद थी, लेकिन पति के हिंसक और खूंखार रूप को देखकर वह अपने ससुर को बचाने का साहस नहीं जुटा सकी। वहीं, घर की दूसरी



मंजिल पर सो रहा राकेश बाबू का बड़ा बेटा लालजी शर्मा जब नीचे मचे शोरशराबे को सुनकर भागा-भागा आया, तो उसे पिता को लहूलुहान पड़ा देखा। आनन-फानन वह पिता को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिरसागंज डिप्टी एसपी चंचल त्यागी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पिता-पुत्र के बीच संपत्ति का विवाद पहले से था। रविवार को सब्जी के रुपयों का विवाद हिंसक हो गया। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

राकेश बाबू शर्मा की हत्या के पीछे तात्कालिक कारण भले ही सब्जी के रुपये और डंडे का प्रतिशोध रहा हो, लेकिन इस खूनी अंजाम की पृष्ठभूमि लंबे समय से तैयार हो रही थी। पड़ोसियों और पुलिस जांच में सामने आया है कि घर में आए दिन कलह का माहौल रहता था। आरोपी उपेंद्र पूर्व में दिल्ली में नौकरी करता था, लेकिन लगभग 1 माह पूर्व वह नौकरी छोड़कर घर लौट आया था और तब से बेरोजगार था। परिवार में पत्नी और एक छोटा बेटा भी है। उनका भी खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा था। इसके चलते वह शराब पीने का आदी हो गया था और रोज पैसों के लिए पिता से झगड़ता था।

मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को बताया कि राकेश बाबू खुद कलाई घड़ी के मिस्त्री थे।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण कर रक्त-रंजित साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बेसबाल बैट बरामद कर लिया है और आरोपी को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश करने की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जहां से उसे जेल भेजा जाएगा।

# युवती से बनाए संबंध, फिर दोस्तों ने भी लूटी अस्मत

## सामूहिक दुष्कर्म के बाद आपत्तिजनक वीडियो किया वायरल, दो अरेस्ट

एनएनआई



**आगरा।** इरादतनगर गांव के युवक ने 18 वर्षीय युवती को अपने जाल में फंसाया। उसे बहला कर खेत में लेकर गया। खुद संबंध बनाए और फिर दोस्तों के आगे परोस दिया। दोस्तों ने भी उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर डाला। युवती युवक से गुहार लगाती रही पर आरोपी नहीं माने। उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। किसी से शिकायत करने पर वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। एक महीने बाद एक दोस्त ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पर पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर आरोपी और उसके दोस्त पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामले में तीन आरोपियों को नामजद किया गया है।

रविवार को इरादतनगर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का आपत्तिजनक अवस्था में वीडियो वायरल हुआ है।वीडियो में युवती खेत में आपत्तिजनक अवस्था में रो-रोकर युवक पर धोखा देने का आरोप लगा रही है। अब मैं तुम पर विश्वास नहीं करूंगी। मैंने तुम पर भरोसा किया और तुमने मेरे साथ क्या किया। पीड़िता रोते हुए हाथ जोड़ रही है। उसे छोड़ने के लिए कह रही है। अन्य युवक हंसते हुए मजाक उड़ा रहे हैं।

उसी वीडियो में एक अन्य स्थान का वीडियो भी एडिट कर जोड़ा गया है। वीडियो बनाने वाला दो युवकों से युवती के साथ गलत काम करने के बारे में आपत्तिजनक बातें पूछ रहा है। युवक भी खुद के गलत काम करने के बारे में बता रहे हैं। इसी दौरान एक अन्य युवक बाइक से आता है और युवती के साथ हुई घटना के बारे में आपत्तिजनक चर्चा कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया। डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम ने पहले वीडियो में दिख रही युवती का पता लगाया। जानकारी हुई की वीडियो एक माह पूर्व बनाया गया था। पीड़िता ने पूछताछ में बताया कि 17 जून को गांव का युवक छोटे उनके घर आया। कहा कि तुम्हारी मां खेत पर गुटखा मंगा रही हैं। वह दुकान से गुटखा लेकर खेत जाने लगी।

रास्ते में छोटे,विशाल और आकाश ने रोक लिया। आकाश ने हाथ पकड़े और खेत में ले गया। छोटे ने दुष्कर्म किया और विशाल ने वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बीच-बीच में मिलते रहने के लिए कहा। वह डर गई थी इसलिए शिकायत नहीं की। आज पता चला कि आरोपियों ने उसका वीडियो वायरल कर दिया।

पुलिस ने छोटे और विशाल को हिरासत में लिया है। युवती की तहरीर पर सामूहिक दुष्कर्म और आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद अगर कोई अन्य भी शामिल पाया गया तो उनके भी नाम दर्ज किए जाएंगे।

# आगरा के पांच शातिर चोर फिरोजाबाद में गिरफ्तार

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र के रहल गांव में 11 जुलाई की रात भंवर सिंह के घर में हुई चोरी को आगरा के गिरोह ने अंजाम दिया था। रविवार रात को पुलिस ने इसका खुलासा किया। पांच बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक के पैर में गोली लगी है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरोह के कब्जे से चोरी के चांदी के आभूषण, अवैध असलाह, कारतूस और दीवार तोड़ने के लोहे के औजार बरामद हुए हैं।

एसपी देहात अनुज चौधरी ने बताया कि रहल गांव में बीती 11 जुलाई 2026 की मध्य रात्रि भंवर सिंह के घर की 4 इंची ईंट की दीवार तोड़कर बक्से व अलमारी के ताले चटकाए गए थे। चोर वहां से सोने-चांदी के जेवरात पार कर ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और सर्विलांस की मदद से संदिग्धों के बारे में पता लगा। रविवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रपड़ी के जंगल में कुछ बदमाश फिर से चोरी की योजना बना रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने जंगल में घेराबंदी की। इस पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की की फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा, जिसकी पहचान तेज सिंह निवासी फतेहाबाद, आगरा के रूप में हुई। इसके अलावा पुलिस ने गैंगस्टर नैमीचंद निवासी धारापुरा, थाना फतेहाबाद, आगरा, सुरेशचंद निवासी साहिदपुर, थाना फतेहाबाद, आगरा, सियाराम निवासी बिप्रावली भावनाथ की ठार, थाना पिनाहट, आगरा, राधेश्याम निवासी बिप्रावली भावनाथ की ठार, थाना पिनाहट, आगरा को गिरफ्तार किया।

# किशोरी को धमकाने, अपहरण की धमकी देने वाला गिरफ्तार:पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को परेशान करने, धमकाने और घर में घुसकर अभद्रता करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां ने शिकायत में बताया था कि श्याम विहार कॉलोनी निवासी कमल पुत्र विजय कुमार उनकी नाबालिग बेटी को लगातार परेशान करता था। वह उसे डराता-धमकाता था और अपहरण करने की धमकी भी देता था। शिकायत के मुताबिक, 25 मई को आरोपी कमल उनके घर में घुस आया। उसने गाली-गलौज की और बेटी की शादी नहीं होने देने तथा उसे बदनाम करने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद पीड़िता की मां ने 29 जून को थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर कमल को ईंट मंडी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार, अजय दांगी, कांस्टेबल मनोज और कांस्टेबल रवि सैनी शामिल रहे।



## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# 5 अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार, एंबुलेंस में शराब छिपाकर बिहार में करते थे डिलीवरी



एनएनआई

**आगरा।** एंबुलेंस की आढ़ में शराब तस्करी करने वाले पांच अंतरराज्यीय तस्करों को एत्मादपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 10.50 लाख रुपये कीमत की 80 पेटी शराब और एक एसयूवी कार बरामद की। आरोपित यमुना एक्सप्रेस-वे से होकर हरियाणा की शराब को बिहार पहुंचाते थे। पिछले तीन महीने से लगातार माह में दो बार इस रूट से होकर गुजरते थे। सूचना मिलने पर गढ़ीरामी रोड के पास से पुलिस ने पकड़ लिया।

डीसीपी आदित्य सिंह ने बताया, पकड़े गए सभी आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। संदीप पुत्र बिरखाराम निवासी ग्राम पालवा, जिला जिंद, हरियाणा गिरोह का मास्टर माइंड था। इससे पहले गौतमबुद्ध नगर और हरियाणा पुलिस शराब तस्करी मामले में गिरफ्तार कर चुकी है।

उसके अलावा पुलिस ने पंकज पुत्र दिलबाग सिंह, रोहित पुत्र सत्यवान, साहिल पुत्र धर्मपाल और साहिल पुत्र जगवीर सभी निवासी सोनिपत, हरियाणा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया, एंबुलेंस आपात सेवाओं का वाहन है। इसके चलते तस्करी में एंबुलेंस का इस्तेमाल करते थे। इसके अलावा उन्होंने बिहार से एक फाइनेंस गाड़ी भी खरीदी थी, जो एंबुलेंस के आगे चलकर उसे एस्कार्ट करती थी। पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखती थी। इसके अलावा पुलिस को एंबुलेंस के अंदर से यूपी और बिहार के वाहनों की नंबर प्लेट मिली, जिन्हें यूपी या बिहार के बॉर्डर में प्रवेश करते ही बदल देते थे।

**तीन महीने में 60 लाख रुपये की शराब पहुंचाई बिहार**

अधिकारियों ने बताया कि एंबुलेंस से 80 पेटी शराब जब्त की, जिसकी मार्केट में कीमत 10.50 लाख रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। आरोपित पिछले तीन महीने से लगातार आगरा से होकर बिहार में शराब की सप्लाई कर रहे थे।

महीने में दो बार एंबुलेंस से बिहार में शराब पहुंचाते थे। ऐसे में तस्कर अब तक आधा दर्जन बार बिहार होकर आ चुके थे। ऐसे में पिछले तीन महीनों में 60 लाख रुपए से ज्यादा की शराब बेच चुके थे। अब पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर पूरी चेन तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई है।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
NNI हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 20 जुलाई, 2026


## लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने किया एडमिशन ऑफिस का शुभारंभ किया

एनएनआई

**आगरा।** उच्च शिक्षा को विद्यार्थियों तक और अधिक सुलभ बनाने तथा प्रदेश में अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने शहर में अपने स्थायी एडमिशन ऑफिस का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन अप्सा के अध्यक्ष डॉ. सुशिल गुप्ता, रतनमुनि इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल वशिष्ठ और ऐस अकादमी के राजीव शर्मा ने फीता काट कर किया। शाखा प्रमुख व असिस्टेंट डायरेक्टर जितेन्द्र कुमार दीक्षित ने बताया कि आगरा में एलपीयू चौथा तथा देशभर में पंद्रहवाँ स्थायी कार्यालय है। जो विद्यार्थियों, विद्यालयों एवं अभिभावकों के साथ एलपीयू के संबंधों को और अधिक सशक्त बनाएगा तथा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय का नया कार्यालय संजय प्लेस स्थित प्रथम तल, फ्रेंड्स आर्केड, सेंट पैट्रिक स्कूल के सामने नियमित रूप से संचालित होगा। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रवेश, छात्रवृत्ति, एलपीयूनेस्ट, करियर मार्गदर्शन तथा शैक्षणिक परामर्श जैसी सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने भविष्य से जुड़े सही एवं सूचित निर्णय ले सकें। एलपीयू का यह नया कार्यालय विश्वविद्यालय की ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन, ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया की परिकल्पना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के अधिकारी अनूप एवं संदीप ने कार्यक्रम की योजना, समन्वय एवं सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आगरा कार्यालय के शुभारंभ के साथ अब देशभर में एलपीयू के कुल 15 स्थायी एडमिशन ऑफिस संचालित हो रहे



## ग्राहकों का विश्वास बढ़ने से मिलती है व्यवसाय को नई दिशा

### सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट के अधीन फूड वेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** नगर निगम में नेस्ले इंडिया और नासवी के द्वारा सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट के अधीन फूड वेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल थे। उन्होंने फूड वेंडरों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि नियमित प्रशिक्षण से खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों की बेहतर जानकारी प्राप्त होती है, भोजन की गुणवत्ता में सुधार होता है, ग्राहकों का विश्वास बढ़ता है तथा व्यवसाय को नई दिशा और पहचान मिलती है। प्रशिक्षित फूड वेंडर न केवल सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराते हैं, बल्कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान निभाते हैं। नेस्ले इंडिया से वसीम अहमद और हरप्रताप सिंह , नासवी से संगीता सिंह और एफडीए के अधिकारी ओंकार कुशवाहा भी मौजूद थे।

## सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर समाज की सेवा करें अधिवक्ता

### 58 वर्षों की गौरवशाली यात्रा की चिरंतन स्मारिका का किया विमोचन

एनएनआई




**आगरा।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन का 58वां स्थापना दिवस समारोह फतेहाबाद रोड स्थित होटल क्लार्क शिराज में आयोजित किया गया। शुभारम्भ इनकम टैक्स अपीलीय अधिकरण के न्यायिक सदस्य सुनील कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि इनकम टैक्स अपलिए अधिकरण सदस्य ब्रजेश कुमार सिंह, जीएसटी अपीलीय अधिकरण सदस्य विवेक कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष राम मोहन सिंह कोटिया, चेयरमैन एल्डर कमेटी गिरीश अग्रवाल और बार अध्यक्ष राजकिशोर खण्डेलवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सत्य ही न्याय है और सत्य मार्ग पर चलते हुए उद्देश्यों की पूर्ति करे। अधिवक्ता समाज का दर्पण होते हैं। टैक्सेशन बार एसोसिएशन पिछले 58 वर्षों से कर अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके व्यावसायिक विकास तथा कर कानूनों से जुड़े विषयों पर जागरूकता एवं मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अध्यक्ष राजकिशोर खण्डेलवाल व महासचिव अखिलेश भटनागर ने बताया कि समारोह में मंच बार की स्मारिका "चिरंतन" का विमोचन अतिथियों ने किया। बार के पचास वर्ष पूर्ण कर चुके 70 वरिष्ठ अधिवक्ताओ, पूर्व अध्यक्षों एवं पूर्व महासचिवों को पहली बार विशेष सम्मान के रूप में विधि पुरोधा के सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर स्वागत अध्यक्ष अनिल वर्मा, अनुराग गुप्ता, विशाल बिंदल, परमेंद्र पाल सिंह, संचित अग्रवाल, अभिनव बंसल, राकेश सारस्वत, मोहित अग्रवाल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, सुनील आनंद, राजेंद्र प्रसाद दीक्षित, सोमेंद्र जैन, रोहित अग्रवाल, वैभव जैन, जीएस उप्पल, मनोज शर्मा, अनिल आदर्श जैन, संजय भटनागर, माधुर अग्रवाल, विजेंद्र अग्रवाल, राजकुमार गोयल, सुनील शर्मा, विनीत जैन, राकेश वर्मा, बरखा यादव, दीपिका राजपूत, रवि कुमार, मनोज त्रिपाठी, भगवान दास, संजीव यादव, गौरव शर्मा, अमित जैन आदि उपस्थित रहे।



# संत निरंकारी मिशन के विशाल रक्तदान शिविर में 160 यूनिट रक्त संग्रह

## मानव कल्याण को समर्पित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन?

एनएनआई



**आगरा।** संत निरंकारी मिशन की ट्रांस यमुना शाखा द्वारा मानव कल्याण को समर्पित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निरंकारी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए कुल 160 यूनिट रक्तदान किया। रक्त संग्रह के लिए दो चिकित्सकीय दलों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। एस.एन. मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की टीम द्वारा 52 यूनिट तथा जिला अस्पताल की टीम द्वारा 108 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस प्रकार दोनों चिकित्सकीय टीमों ने कुल मिलाकर 160 यूनिट रक्त एकत्रित किया। कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन, दिल्ली मुख्यालय से पधारे निरंकारी संत आदरणीय श्री वेद प्रकाश बत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित संगत एवं रक्तदाताओं को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेम, करुणा, मानव एकता और निःस्वार्थ सेवा पर आधारित शिक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है, क्योंकि रक्त का कोई धर्म, जाति अथवा वर्ग नहीं होता। किसी जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर प्राप्त हुआ रक्त उसके जीवन की रक्षा कर सकता है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से संत निरंकारी मिशन के श्रद्धालु निरंतर मानव कल्याण के कार्यों में समर्पित भाव से योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज आगरा एच. के. अरोड़ा, संयोजक मुनीश कुमार, सेवादल के क्षेत्रीय संचालक महेश चौहान तथा ट्रांस यमुना शाखा की मुखी सोना धनवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए चिकित्सा टीमों, सेवादल एवं निरंकारी अनुयायियों के प्रति आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर में संत निरंकारी सत्संग की संगत ने उत्साहपूर्वक योगदान देकर मानवता की सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त संग्रह, विश्राम, जलपान तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु और अनुशासित रूप से सम्पन्न कराने में संत निरंकारी सेवादल के भाई-बहनों का कार्य अत्यंत सराहनीय रहा।

# अब ताज का दीदार आगरा कैंट स्टेशन पर भी

## कैंट स्टेशन के प्रवेश द्वार पर ताजमहल का अक्स स्थापित कराया

एनएनआई



**आगरा।** मंडल व्यापार संगठन द्वारा शहर के प्रमुख रेलवे स्टेशन आगरा कैंट के मुख्य प्रवेश द्वार पर ताजमहल का अक्स (मोमेंटो) स्थापित कराया है , जिसका अनावरण केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी सिंह बघेल एवं डॉ जी.एस धर्मेश (विधायक छावनी) तथा गगन गोयल (मंडल रेल प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे) द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि जो पर्यटक आगरा आएंगे। वह एक याद लेकर जाएंगे और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और कहा कि संगठन ने इसको बनवाने में बहुत मेहनत की है व रेलवे का भी धन्यवाद दिया कि रेलवे ने अपने परिसर मुख्य जगह संगठन को ताजमहल का मोमेंट स्थापित करने के लिए दी। इससे रेलवे का अभिमान बढ़ेगा। पूर्व मंत्री एवं विधायक छावनी डॉ जी. एस.धर्मेश जी ने कहा कि स्व. गोविंद अग्रवाल बहुत ही सहृदय व्यक्ति थे और उनकी याद में संगठन ने जो यह ताजमहल का मोमेंटो लगवाया है। उसके लिए संगठन की प्रशंसा की तथा उनके साथ बिताए गए पलों को उपस्थित लोगों के समक्ष साझा किया। इस ताजमहल को स्थापित करने में संगठन के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा. ज्ञात हो कि संगठन में सभी धर्म-जाति व विभिन्न राजनीतिक विचारधारा रखने वाले तथा सभी ट्रेड के व्यापारी बंधु सदस्य हैं और उक्त संगठन समय-समय पर ऐसे प्रयास करता रहता है।

संगठन के अध्यक्ष पवन बंसल ने बताया कि हमारे संगठन के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद अग्रवाल की यह इच्छा थी कि संगठन कुछ ऐसा प्रयास करें जिससे कि आगरा में आने वाले पर्यटक यहां से कुछ अपनी यादें लेकर जाएं और संगठन की पहचान देश-विदेश में बने उनकी ऐसी इच्छा का सम्मान करते हुए संगठन द्वारा आगरा कैंट पर ताजमहल का अक्स (मोमेंटो) स्थापित करने के लिए संगठन द्वारा पिछले 2 साल से अथक प्रयास किया जा रहा था जिसको कि काफी प्रयास करने के बाद अब इसको स्थापित किया जा सका है।

आगरा कैंट पर ताजमहल का मोमेंट स्थापित करने का एक कारण यह भी है कि बहुत से यात्री समय का अभाव होने के कारण आगरा आकर भी ताज का दीदार नहीं कर पाते हैं अब वह आगरा कैंट पर ही ताज का दीदार कर और ताज के साथ सेल्फी लेकर वह आगरा से अपनी यादें ले जाएंगे।

इस अवसर पर रेलवे के डीआरएम गगन गोयल, संजय गौतम, संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रदीप अग्रवाल, पवन बंसल, त्रिलोक चंद शर्मा, गिरीश चंद गोयल, राजेश गोयल, राजकुमार अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, राजीव गुप्ता, प्रदीप लूथरा, रचित सराफ, अशोक गोयल, सुरेश चंद गर्ग, रमाशंकर शर्मा एडवोकेट, चरणजीत टिम्मा, गुरदयाल सिंह बेदी, श्याम जरारी, संजय अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अनमोल गोयल, राहुल गुप्ता, सलीम जब्बार, अरुण कुमार गोयल, रामप्रकाश अग्रवाल, शाहिद खान, अमर सिंह, संजीव चौबे आदि काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# भाग्य खुला साँई कँवर राम का....

- अमर शहीद संत साँई कँवर राम के जीवन पर आधारित लघु फिल्म के दो सुरीले भजन किए लॉन्च
- सिंधी समाज के अमर शहीद संत साँई कँवर राम का चरित्र दुनिया को देगा इंसानियत और धार्मिक सद्भाव का संदेश

एनएनआई



**आगरा।** सिंधी समाज के अमर शहीद संत साँई कँवर राम ने अपना पूरा जीवन मानवता, इंसानियत, भाईचारे और धार्मिक सद्भाव के नाम कर दिया। उनका धर्म भूख मिटाना और मजहब प्यार बाँटना रहा। उन्होंने भूखे को रोटी, बीमार की सेवा और सबको शिक्षा का संदेश दिया। अंततः सिंध की साझी विरासत को बचाते बचाते वे कट्टरवादियों के शिकार हो गए, लेकिन शहादत के बाद वे और भी ज्यादा लोगों के दिलों में बस गए। राजकुमार सामा विचार मंच के तत्वावधान में आरए मूवीज द्वारा सिंधी समाज के ऐसे दयालु संत और अमर शहीद के प्रेरणाप्रद जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। जयपुर हाउस स्थित जय झूलेलाल मंदिर में समाजसेवियों द्वारा अमर शहीद संत साँई कँवर राम पर आधारित फिल्म के पोस्टर सँग संजय दुबे और सूरज तिवारी द्वारा लिखे गए दो सुरीले भजन जारी किए गए।

'युगों युगों में आता है कोई संत ऐसा संसार में, लगे प्रभु स्वयं धरा विराजे मानव के अवतार में..' के भक्ति संगीत में सब सुध बुध भूल गए। 'कोसा कोहर लेकर निकला देखो, भाग्य खुला साँई कँवर राम का..' भजन ने भी सबको भाव विभोर कर दिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि हेमलता दिवाकर कुशवाह और सोमनाथ धाम शाहगंज के गुरु डॉ. पीर शंकर नाथ योगी ने वरुणावतार भगवान झूलेलाल जी के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फिल्म निर्माता रंजीत सामा और विजय सामा ने बताया कि अगस्त के प्रथम सप्ताह में आगरा और आसपास के क्षेत्र में फिल्म की शूटिंग की जाएगी। इस दौरान फिल्म के सह निर्माता नारायण दास लालवानी, कमल मतलानी, व्यवस्था प्रमुख जयरामदास, गिरधारी लाल भगत्यानी,प्रमोद वर्मा, शोभाराम पुरूषनानी, पार्षद रेनू गुप्ता, रूबी सहगल, नरेंद्र पुरुषनानी, हरीश बंजानी, खेमचंद बंजानी, शंभू नाथ चौबे, भगवान अवतानी, सुधीर भोजवानी, श्याम भोजवानी, प्रमोद महाजन, घनश्याम लालवानी, रोहित कल्याल, कुसुम महाजन, दीपा लालवानी, जेपी धमार्नी, सत्येंद्र तिवारी, राजेंद्र बत्रा, डॉ. महेश धाकड़, विनीत बवानिया, तीरथ दास भावनानी, राहत जहाँ खानम और राहुल गुप्ता भी मौजूद रहे।

# गौ सेवा के साथ जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा की स्टेशनरी वितरित

## खुले पंख परिवार में 70 जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्कूल बैग गौ सेवा में किया सहयोग

एनएनआई



**आगरा।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय खुले पंख परिवार एक बार फिर सेवा का अनूठा घर किया गया है । गौ सेवा के साथ कर्मयोगी गौशाला, आगरा में कार्यक्रम आयोजित किया गया संस्था के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि हमने 70 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी एवं स्टेशनरी वितरित की गई ।ताकि वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर अपने सपनों को नई उड़ान दे सकें। स्टेशनरी का सामान प्रकार बच्चों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही थी। साथ ही कार्यक्रम में गौमाता के लिए 1000 किलोग्राम हरी सब्जी एवं 1000 किलोग्राम हरा चारा गौ माता को खिलाया गया ।यह आयोजन केवल गौ सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा की भावना को मजबूत करने का एक सामूहिक प्रयास है। खुले पंख परिवार ने संकल्प लिया है कि वह प्रत्येक माह दो गौ सेवा अभियान, एक शिक्षा से जुड़ा सामाजिक कार्यक्रम तथा एक स्वास्थ्य जागरूकता/स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों तक निरंतर सेवा पहुँचाई जा सके।

इस अवसर पर योगेश जैन, अनुज मित्तल, आशु गोयल,राजकुमार जोहरी, आशीष बंसल ,अंकित गोयल ,तरंग सिंघल ,यश अग्रवाल, चारू गुप्ता ,अनमोल अग्रवाल, रूबी अग्रवाल, प्रदीप मित्तल,आदि लोग उपस्थित रहे।

# सूरसदन में बस्तियों की छिपी प्रतिभाओं ने किया प्रदर्शन

एनएनआई



**आगरा।** डेल्फिक एसोसिएशन द्वारा सूरसदन प्रेक्षागृह में आयोजित 'संस्कृति संगम 2026' भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और युवा प्रतिभाओं का भव्य उत्सव बन गया। गणेश वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम में देश की विविध सांस्कृतिक विरासत को मनमोहक नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया गया। कार्यक्रम में बस्तियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजी उत्तर प्रदेश एवं संस्था के अध्यक्ष डॉ. आरके स्वर्णकार, पीएसी कमांडेंट नरेंद्र कुमार सिंह, आईएएस अधिकारी अभिषेक मिश्रा, आयोजक अनीता सिसोदिया, सह संयोजक राहुल वर्मा, मनीष गोयल एवं हर्ष गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में एडीजी डॉ. आरके स्वर्णकार ने कहा कि भारत विविधताओं में एकता का अद्भुत देश है। यहां की संस्कृति मिट्टी, हवा और जन-जन के जीवन में रची-बसी है।

आयोजक अनीता सिसोदिया ने बताया कि संस्था बस्तियों में रहने वाली छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें निखारने और बड़े मंच तक पहुंचाने का कार्य कर रही है, ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़े और वे अपनी कला से समाज में पहचान बना सकें। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती मनोहारी प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने दर्शकों का मन मोह लिया। 'देश रंगीला' की प्रस्तुति के साथ श्रीकृष्ण रासलीला, कश्मीरी लोकनृत्य, कालबेलिया, पंजाबी, मराठी, भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी सहित विभिन्न शास्त्रीय एवं लोक नृत्यों ने भारत की सांस्कृतिक एकता का सुंदर चित्र प्रस्तुत किया। समापन पर 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति ने पूरा सभागार राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया।

संगीत प्रस्तुति में आईएएस अधिकारी अभिषेक मिश्रा और डॉ. सरला शर्मा ने गिटार, सिंथेसाइजर एवं पियानो की मधुर संगत के साथ युगल गायन प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब योगेश परमार और उनकी टीम ने 'कलयुग का श्रवण कुमार' नाटक का मंचन किया। माता-पिता के प्रति बदलते सामाजिक व्यवहार और संवेदनहीन होती संतानों की सोच को दर्शाती इस प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया और सभी को आत्ममंथन के लिए विवश कर दिया। कार्यक्रम का समापन भव्य हनुमान चालीसा की सामूहिक प्रस्तुति के साथ हुआ। पूरे आयोजन में भारतीय संस्कृति, कला, संस्कार और राष्ट्रप्रेम का अनुपम संगम देखने को मिला।

# सेवा की मिसाल बने डॉ. विजय बंसल

एनएनआई



वनवासी विवाह से लेकर गरीबों के इलाज और शिक्षा तक का सफर रिकॉर्ड बुक में दर्ज

**आगरा।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय और निरंतर योगदान के लिए डॉ. विजय किशोर बंसल को इंडियन एमीनेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (आईईबीआर) की ओर से प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया है। प्रमाण पत्र के अनुसार, डॉ. विजय किशोर बंसल ने वनवासी महिलाओं के सामूहिक विवाह, किफायती स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सामाजिक कार्य करते हुए जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आईईबीआर द्वारा जारी प्रमाण पत्र में डॉ. बंसल के कार्यों को लाइफिऑग सोशल सर्विस के रूप में दर्ज किया गया है। रिकॉर्ड के विवरण के मुताबिक, उन्होंने महज 21 वर्ष की उम्र में 55 विवाहों से वनवासी महिलाओं के सामूहिक विवाह की शुरूआत की और अब यह सेवा कार्य बढ़कर प्रति वर्ष 200 से अधिक सामूहिक विवाहों तक पहुंच चुका है। प्रमाण पत्र में इस सामाजिक पहल को लगातार जारी रखने और पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर समाज सेवा करने के लिए विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी डॉ. बंसल के योगदान को सम्मान में शामिल किया गया है। प्रमाण पत्र के अनुसार, वह आयुर्वेदिक एवं नेत्र अस्पतालों में जरूरतमंद लोगों को महज 2 रुपये के प्रिस्क्रिप्शन पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रमाण पत्र के मुताबिक, वह संस्कृत विद्यालयों और कॉलेजों में करीब 200 वंचित विद्यार्थियों को फीस एवं पुस्तकों के लिए वार्षिक सहयोग प्रदान करते हैं।

यह सम्मान डॉ. विजय किशोर बंसल की वर्षों से जारी सामाजिक प्रतिबद्धता और समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए किए जा रहे कार्यों को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की रिकॉर्ड मान्यता के रूप में प्रस्तुत करता है।

# राम काज कीन्हे बिना मोहे कहां विश्राम...

- जनकपुरी आयोजन समिति के अध्यक्ष बने राजीव कुमार
- इस बार भावना एस्टेट क्षेत्र में सजने जा रही भव्य जनकपुरी

एनएनआई



**आगरा।** राम काज कीन्हे बिना मोहे कहां विश्राम। जब तक प्रभु श्री राम की भव्य बारात और माता जानकी के विवाह को भव्यतापूर्वक संपन्न नहीं कराया जाता है। तब तक कोई राम भक्त विश्राम नहीं करेगा। इस बार सिकंदरा क्षेत्र के भावना स्टेट क्षेत्र में भव्य जनकपुरी सजने जा रही है। रविवार को श्री रामलीला कमेटी की संस्तुति के माध्यम से क्षेत्र निवासी राजीव कुमार यादव को जनकपुरी आयोजन समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष राजीव कुमार यादव का भव्य स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जनकपुरी आयोजन समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर इसको प्रभु श्री राम का आशीर्वाद बताया। क्षेत्रीय पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी ने समूचे जनकपुरी क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाने की बात कही। समाजसेविका आरती शर्मा ने कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव कुमार यादव अपने पद की जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और इस बार जनकपुरी का आयोजन भव्य होगा। इस अवसर पर भावना एस्टेट अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सचिव प्रभाकर शर्मा, संतोष कटारा, संजय गोयल, मनोज बंसल, मनोज जादौन, शीतल अग्रवाल, सौरभ साहूकार, अभिनव यादव सहित भावना एस्टेट के समीपवर्ती सोसायटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीजी किचन गैलरी का भव्य शुभारंभ

**आगरा** एनएनआई। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र चांदनी चौक, कमला नगर-बलकेश्वर रोड पर आधुनिक और आकर्षक मॉडुलर किचन के सामान की नई शॉप श्रीजी किचन गैलरी का भव्य शुभारंभ हुआ। इस नई शॉप का उद्घाटन मुख्य अतिथि आगरा उत्तरी विधानसभा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर किया गया।

उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि आगरा तेजी से आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में गृहणियों की सुविधा के लिए एक ही छत के नीचे आधुनिक और ब्रांडेड किचन गैजेट्स व चिमनी उपलब्ध कराना एक सराहनीय प्रयास है।

# 8 जगह लगे रक्तदान शिविर

**आगरा** एनएनआई। माथुर वैश्य मंडलीय परिषद के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने किया। आगरा क्षेत्र में आठ जगह कैंप में लगभग 200 से ज्यादा यूनिट ब्लड डोनेशन का लक्ष्य रखा गया, जिन पर दो कैंपों राजपुर और अभिलाषा नर्सिंग होम पर हुआ।

विमल गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, दिनेश गुप्ता, हरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉक्टर अभिलाषा प्रकाश, मंडल अध्यक्ष अनीता गुप्ता, मंत्रानी अंजू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, शहर शाखा सभा की अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, मंत्रानी भारती गुप्ता, कोषाध्यक्ष स्वीटी गुप्ता, आगरा ब्लड डोनेशन संयोजिका एवं उपाध्यक्ष सीमा गुप्ता, रीना गुप्ता, रिशु गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, सीमा गुप्ता द्वितीय, पल्लवी, रूपाली और सलोनी, उमा गुप्ता, पूजा गुप्ता, सरिता गुप्ता और वंदना गुप्ता के अलावा कार्यसमिति सदस्य कमल प्रकाश, अमिश गुप्ता, कमल गुप्ता, राज किशोर गुप्ता, नवीन गुप्ता का सहयोग रहा।

# अनाथ और जरूरतमंद बच्चों का सहारा बनी योगी सरकार

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के अनाथ, बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों के सुरक्षित भविष्य एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य)' के तहत पात्र बच्चों और किशोरों को भरण-पोषण तथा शिक्षा के लिए 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जनपद में इस योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

योजना का लाभ मुख्य रूप से उन बच्चों को दिया जा रहा है जिन्होंने 1 मार्च 2020 के बाद कोविड या अन्य किसी भी कारण से अपने माता-पिता दोनों, या दोनों में से किसी एक अथवा अपने वैध अभिभावक को खो दिया है। इसके अलावा 18 से 23 वर्ष की आयु के ऐसे किशोर भी इस योजना के पात्र माने गए हैं, जो माता-पिता को खोने के बाद कक्षा 12वीं की पढ़ाई पूरी कर किसी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय, विश्वविद्यालय या तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहे हैं।

- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत हर महीने मिलेंगे 2500
- माता-पिता को खो चुके बच्चों को मिलेगी आर्थिक सहायता




समाज को सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति और बाल वेश्यावृत्ति जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्त कराकर मुख्यधारा में शामिल किए गए बच्चों को भी इस योजना से जोड़कर एक बड़ी राहत दी है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन दर्ज कराना होगा। आवेदन करते समय मुख्य दस्तावेजों के रूप में माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, बच्चे का आधार कार्ड और शैक्षणिक अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के माध्यम से शासन की मंशा अनाथ व जरूरतमंद बच्चों को मजबूत आर्थिक संबल प्रदान करना है। आवेदकों को यह विशेष रूप से ध्यान रखना होगा कि लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी का बैंक खाता डीबीटी और एनपीसीआई से लिंक होना अनिवार्य है। यदि किसी आवेदक को योजना से संबंधित कोई विस्तृत जानकारी चाहिए, आवेदन में कोई समस्या आ रही हो या कोई अन्य पूछताछ करनी हो, तो वे किसी भी कार्यदिवस में विकास भवन स्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा सुविधा के लिए विभाग के मोबाइल नंबर 7518024061 पर भी सीधे संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



## जान दे देंगे, लेकिन कौड़ियों के भाव जमीन नहीं देंगे!

एनएनआई

**आगरा।** थाना क्षेत्र बमरौली कटारा के गाँव एत्मादपुर मदरा में आगरा विकास प्राधिकरण के खिलाफ किसानों की एक विशाल पंचायत हुई। भारतीय किसान यूनियन के झंडे तले मदरा, बुढ़ाना और रायपुर के किसान अपनी उपजाऊ और बेशकीमती जमीन को बचाने के लिए एकजुट हो चुके हैं।किसानों का साफ और कड़ा एलानःचार गुना मुआवजाः वर्तमान बाजार/सर्किल रेट का 4 गुना मुआवजा मिलने पर ही जमीन दी जाएगी।सर्किल रेट में सुधारः क्षेत्र का सर्किल रेट तुरंत बढ़ाया जाए।उचित मूल्यांकनः सन 2010 के बाद बने मकानों, पेड़ों और कुओं का सही सर्वे कर उचित मुआवजा मिले। आंदोलन की चेतावनीः अगर 'लैंड पूलिंग' के बहाने किसानों की जमीन हथियाने की कोशिश की, तो किसान सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे।इस महापंचायत की अध्यक्षता श्री भजनलाल सिंह जी ने की और संचालन किसान नेता सोमवीर यादव जी ने किया। अपनी मांगों को लेकर किसानों ने एक कमेटी का गठन किया है, जो आगामी 26 जुलाई 2026 को जिला अधिकारी से मिलकर अपनी बात रखेगी।पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राजवीर लवानिया, सोमवीर यादव, करतार सिंह प्रधान, मुकेश पाठक, भजनलाल, भूरी सिंह, वीरी सिंह, श्यामसिंह, नोबत सिंह, कुशलपाल फौजी, लक्ष्मी नारायण, रामनारायण, वीरेंद्र, सुरेंद्र, गुलाब सिंह, दया पहलवान, मुनेश पहलवान, तुकमान सिंह, अंशुमान ठाकुर सहित भारी संख्या में जागरूक किसान भाई मौजूद रहे।किसानों के हक की इस लड़ाई में उनका साथ दें और इस पोस्ट को ज्यादा से ज्यादा शेयर करें।

# दक्षिणी बाईपास पर ट्रक चालक ने की आत्महत्या

एनएनआई




**अछनेरा।** रविवार दोपहर तीन बजे एक अज्ञात ट्रक चालक ने अपने ट्रक से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर अछनेरा पुलिस मय फोर्स के मौके पर पहुच गई। थाना प्रभारी ने बताया कि रायभा टोल के पास एक अज्ञात ट्रक चालक ने अपने ट्रक से लटककर आत्महत्या कर ली गई है इस सूचना पर उपनिरीक्षक अमित कुमार मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा की एक व्यक्ति ट्रक संख्या उ०प्र०04ढऊ 7338 के ऊपर लगे करियर से परिचालक सीट की तरफ लटका हुआ है तथा परिचालक की तरफ वाली खिड़की खुली हुई है तथा खिड़की में ड्राइवर का मोबाइल रखा हुआ था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएन अस्पताल भेज कर मृतक की पहचान में जुट गई। पुलिस ने ट्रक संख्या के आधार पर ट्रक मालिक बृजेश शर्मा से सम्पर्क किया ट्रक मालिक ने बताया कि उक्त ट्रक चालक मेरा ही ट्रक चलाता है तथा इसका नाम देवेंद्र राठौर पुत्र जीवाराम राठौर निवासी बेहट थाना बेहट जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश का रहने वाला है ट्रक मालिक से उक्त ड्राइवर देवेंद्र राठौर के भाई धर्मेंद्र को सूचना दी गई। थाना प्रभारी विजय सिंह चन्देल का कहना है कि इस मामले आवश्यक अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बाह में सड़क पर घूम रहे छुट्टा मवेशी

एनएनआई

**बाह।** आगरा इटावा स्टेट हाइवे पर लगातार हो रहे हादसे से जिम्मेदार सबक नहीं ले रहे। बाह कस्बे में सड़क पर घूम रहे छुट्टा मवेशी को लेकर लापरवाही सामने आई है। तहसीलदार बाह के आवास के सामने सड़क पर विचरते छुट्टा मवेशी दिखना आम बात है। बाह थाने के सामने भी छुट्टा मवेशी सड़क पर घूमते दिख रहे हैं। इतना ही नहीं नगर पालिका कार्यालय कैंपस में स्थित सब्जी मंडी में मुंह मारते छुट्टा मवेशी हादसे की बजह बन रहे हैं। सड़क पर वाहन से टकराने से छुट्टा मवेशी के घायल होने से मरने तक की घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार जागे नहीं हैं। कई बार भाकियू महाशक्ति के जिलाध्यक्ष हर्ष शर्मा के हस्तक्षेप पर पशु पालन विभाग की टीम ने घायल छुट्टा मवेशी को इलाज मुहैया कराया है। छुट्टा मवेशी से सड़क पर वाहन टकरा कर आए दिन का हादसे हो रहे हैं। गोशालाएं तो हैं, लेकिन छुट्टा मवेशी को पकड़ने का तंत्र कमजोर है। भाकियू नेता भूपेन्द्र सिंह चौहान, भानुप्रताप सिंह चौहान ने हादसे की बजह बन रहे छुट्टा मवेशी को पकड़ कर गोशाला भिजवाने की मांग उठाई है। जिससे हादसे में किसी और मवेशी की जान न जाए और मवेशी की बजह से यात्री हादसे का शिकार न हों।



**ट्रक के बंपर की धारदार एंगल गोवंश की पीठ में फंस गई, उपचार से बची जान-** 13 जुलाई को बाह की सब्जी मंडी में ट्रक के बंपर का तेज धार वाली एंगल गोवंश की पीठ में घुस गई। इतना ही नहीं असहनीय दर्द से छटपटाते गोवंश की पीठ में घुसी एंगल टूट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सब्जी मंडी में गोवंश का झुंड बैठा था। ट्रक का बंपर टकराने से एक गोवंश हादसे का शिकार हो गया। पीठ में फंसी एंगल से तड़पते गोवंश की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी बाह डॉ. सुनील कुमार को दी गई तो वह संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोवंश की पीठ में फंसी एंगल को निकाला और उपचार प्रदान किया।



## बिजली समस्या को लेकर आक्रोश

**आगरा एनएनआई।** कस्बा कागारौल में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन बिजली काट दी जाती है। बिजली आने जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। बिजली कटौती के चलते हुए ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया है। यह धरना पिछले तीन दिन से बराबर चल रहा है जिसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार ने ऐलान किया है कि यह धरना जब तक चलेगा तब तक कस्वा कागारौल की बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हो जाती। इसी के चलते हुए कल एक ग्रामीण ने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की इसी के साथ-साथ सभी व्यापारिक वर्ग के लोगों ने और सभी दुकानदारों ने दो दिन से बाजार बंद कर रखा है। व्यापारियों का कहना है की बाजार को जब खोला जाएगा तब बिजली सुचारू रूप से मिलने लगेगी।

# एक यूनिट रक्तदान से बचेगी तीन की जान

एनएनआई

**बाह।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के तत्वाधान में रविवार को बाह में आयोजित10 बा रक्तदान शिविर का उदघाटन करते हुए पूर्व चेयरमैन सुनील बाबू एवं महिला मंडल की अध्यक्ष कामना गुप्ता ने कहा कि आपके एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों की जान बच सकती है। आपका रक्तदान दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों और सर्जरी के समय जीवन रक्षक साबित होगा।



शिविर में रक्तदान करने वाले पुलिस कर्मी मंजीत सिंह, प्रीती गुप्ता दंपत्ति प्रेरक बने। कुल 84 महिला एवं पुरुषों ने रक्तदान किया। इस दौरान माथुर वैश्य महासभा के विपुल कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार, संजय गुप्ता, जगदीश प्रसाद, पंकज गुप्ता, प्रधान विनोद सिंह, बोदा भाई सोनाली जैन, रमेश चन्द गुप्ता, राकेश गुप्ता, डॉ. अंजली गुप्ता, डॉ. तरुण गुप्ता, डॉ. यतीश शर्मा, डॉ. सुनीता गुप्ता, अनीता गुप्ता, शिवानी गुप्ता, कविता गुप्ता, श्वेता, राधा गुप्ता, वंदना, गोपाल गुप्ता, श्याम गुप्ता आदि रहे।

## मार्शल आर्ट्स एकादशी कराटे प्रतियोगिता आयोजित

**पिनाहट एनएनआई।** भदरौली में प्रतियोगिता कराटे बेल्ट परीक्षा आयोजित हुई। जिसमे जिसने करीब नौं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने पंच, किक प्रदर्शन कर अपनी क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में भावना, परी एवं आलिया ने आरेंज बेल्ट के लिए भाग लिया वहीं आयुष, अर्नव, आल्या, वान्या, वैष्णवी एवं देवांश ने येलो बेल्ट के लिए भाग लिया। संचालन पांच बार अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता सेसेई विशुन मिश्रा बच्चों को अभ्यास की ट्रेनिंग दी। एकादशी कोच श्रेया सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता श्रीलंका में रह चुकी है।



## संपादकीय

# नहीं बदली एसआईआर की कहानी

चुनाव आयोग को एसआईआर का कराने का अनुभव एक साल का हो गया फिर भी पुरानी कहानी दोहराई जा रही है। पिछले साल जून में ही बिहार में एसआईआर की शुरूआत हुई थी। एक साल के बाद और एक दर्जन से ज्यादा राज्यों में एसआईआर कराने के बाद भी इससे जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उलटे बार बार वही समस्याएं सामने आ रही हैं, जो पहले के चरणों में आई हैं। अब भी एसआईआर के काम से जुड़े लोग दबाव महसूस कर रहे हैं और खुदकुशी की नौबत आ रही है। अब भी लोग मैपिंग के लिए परेशान हैं और नाम कट रहे हैं। अब भी स्कूलों में पढ़ाई रोक कर यह काम किया जा रहा है। बहरहाल, एक मामला तार्किक विसंगति का भी है। हालांकि यह मसौदा मतदाता सूची और अंतिम सूची के प्रकाशन के बाद ही पता चलेगा कि चुनाव आयोग तीसरे चरण वाले राज्यों में इस श्रेणी में कितने लोगों का नाम डालता है।गौरतलब है कि तीसरे चरण में राजधानी दिल्ली सहित 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया 30 जून को शुरू हो गई। पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में मई के आखिरी दिन से तीसरा चरण शुरू हो गया था। आयोग ने तय किया है कि दिसंबर तक इसे पूरा किया जाएगा। हालांकि इस बात की गारंटी नहीं होती है कि इस समय सीमा में काम पूरा हो जाएगा। कम से कम उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का अनुभव तो यही कहता है। उत्तर प्रदेश में कई बार तारीखें बढ़ाई गईं, जबकि पश्चिम बंगाल में तो अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं हुई और चुनाव भी हो गया। 27 लाख 10 हजार लोगों के नाम तार्किक विसंगति के आधार पर मतदाता सूची से हटा दिए गए। इन 27 लाख लोगों के अलावा करीब सात लाख अन्य लोगों ने भी मतदाता सूची से नाम काटे जाने के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई है। अभी ट्रिब्यूनल के सामने 32 लाख नाम लंबित हैं और हाई कोर्ट का कहना है कि अगर इसी रफ्तार से सुनवाई हुई तो सारे मामले का निपटारा करने में 21 साल लगेंगे।अभी तक के अनुभव के हिसाब से देखें तो यह मानना थोड़ा मुश्किल है कि चुनाव आयोग ने पूरी ईमानदारी से और निरपेक्ष होकर एसआईआर का काम किया।अगर वास्तव में ऐसा होता तब तो उम्मीद की जा सकती थी कि चुनाव आयोग उससे सबक लेकर अपने सिस्टम को बेहतर करेगा और तीसरे चरण के एसआईआर में वैसी गड़बड़ियां नहीं होंगी, जैसे दूसरे चरण में हुईं। यह बहुत दिलचस्प है कि पहले चरण में सिर्फ एक राज्य बिहार में एसआईआर हुआ और तीन महीने में प्रक्रिया पूरी हो गई। कुछ विवाद जरूर हुए लेकिन मोटे तौर पर लोगों ने स्वीकार किया कि आयोग ने मतदाता सूची की सफाई की है। मृत लोगों, स्थायी रूप से शिफ्ट कर गए लोगों और एक से ज्यादा जगह नाम वाले लोगों को मतदाता सूची से हटा दिया गया। तार्किक विसंगति जैसा जुमला सुनने को नहीं मिला।पहले और दूसरे चरण में कई प्रक्रियागत सुधार भी हुए। जैसे चुनाव आयोग ने पहले आधार को स्वीकार करने से इनकार किया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आधार स्वीकार किया जाने लगा। हालांकि अब भी आधार को पहचान प्रमाणित करने वाला इकलौता दस्तावेज नहीं माना जा रहा है। यानी कोई चाहे कि वह आधार के सहारे मतदाता सूची में नाम शामिल करा ले तो यह संभव नहीं है। दूसरे चरण में तो कई तरह के विवाद हुए और देरी भी हुई। इनसे सबक लेकर सिस्टम को फुलप्रूफ बनाने का मौका चुनाव आयोग के सामने था। उसे सबसे पहले तो यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम का बोझ बूथ लेवल अधिकारियों यानी बीएलओ के ऊपर पड़ा और उसकी वजह से कई बीएलओ की मौत होने या खुदकुशी करने की खबरें सामने आईं वैसे तीसरे चरण में नहीं हो। यह भी सुनिश्चित करना चाहिए था कि लोगों को पहले जैसी परेशानी न झेलनी पड़े और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसा कोई विवाद न हो, जिससे लाखों लोगों के नाम कटें और लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह जाएं।राजधानी दिल्ली सहित जिन 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है उनमें पहले दो चरण से अलग कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण समय की कमी है। चुनाव आयोग ने पहले दो चरण की तरह ही तीसरे चरण में भी मतदाता प्रपत्र भरने और जमा कराने के लिए एक ही महीने का समय दिया है। इससे बीएलओ, बीएलए और आम मतदाताओं पर दबाव है। बाकी कुछ सुधार हुए हैं या सब कुछ पहले जैसा ही है इसका पता मतदाता सूची जारी होने के बाद ही चल पाएगा।



# अमेरिका से 18 हजार भारतीय डिपोर्ट होंगे

## अपील, दलील या वकील करने का मौका नहीं; ट्रम्प सरकार ने 2025 में भारतीयों को हथकड़ी-बेड़ियां पहनाकर भेजा था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डिपोर्टेशन का बड़ा अभियान छेड़ने की तैयारी कर ली है। अमेरिका में 18 हजार अनडॉक्युमेंटेड (बिना दस्तावेज) भारतीय निशाने पर आ गए हैं।

इस बार भी ट्रम्प प्रशासन डिपोर्टेशन के लिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल की तैयारी में है, जो उनकी सख्त इमिग्रेशन नीति की सबसे चर्चित तस्वीर बन चुका है। अनडॉक्युमेंटेड भारतीयों को न अपील, न दलील और न ही वकील करने का मौका मिलेगा। ट्रम्प की आईसीई (इमिग्रेशन कस्टम्स एंड एनफोर्समेंट) की टीमें लगातार छापे मार रही हैं।

भास्कर ने अमेरिका के 4 शहरों–न्यूयॉर्क, टेक्सास, कैलिफोर्निया और न्यूजर्सी–से ग्राउंड रिपोर्ट की। इसमें सामने आया कि डिपोर्टेशन अभियान ने बिना दस्तावेज वाले भारतीयों की जिंदगी पूरी तरह बदल दी है। डिटेंशन सेंटर में बंद लोगों के साथ दुर्व्यवहार की कहानियां भी सामने आईं।

**डिपोर्टेशन के लिए दो नए डिटेंशन सेंटर तैयार**

ट्रम्प प्रशासन ने डिपोर्ट किए जाने वाले प्रवासियों को रखने के लिए एल पासो में एक और कैलिफोर्निया में दो वेयरहाउस खरीदे हैं। इन पर करीब 16,500 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इन्हें डिटेंशन सेंटर में बदलकर आईसीई को सौंप दिया गया है। यहां करीब 12 हजार प्रवासियों को रखा जा रहा है।

**वकील बोले- पहले सुनवाई होती थी, अब सीधे डिटेंशन सेंटर भेजा जा रहा**

न्यूयॉर्क के इमिग्रेशन अटॉर्नी ग्रेग सिस्किंड कहते हैं, "मैं 30 साल से प्रवासियों के केस लड़ता रहा हूं। बिना दस्तावेज वाले किसी भी प्रवासी को अपना पक्ष रखने का मौका मिलता है, लेकिन अब आईसीई के छापों के बाद लोगों को सीधे डिटेंशन सेंटर भेजा जा रहा है।" उनका कहना है कि अमेरिका में संघीय व्यवस्था के कारण हर राज्य में मानवाधिकारों से जुड़े अलग-अलग कानून हैं, लेकिन आईसीई किसी भी राज्य में जाकर कार्रवाई कर रही है।



**2025 में 3,567 भारतीय अमेरिका से डिपोर्ट हुए थे**

2025 में अमेरिका ने 3,567 भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किया था। यह जानकारी भारत के विदेश मंत्रालय ने जून 2026 में दी थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि 2026 में जून तक 1,076 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। 5 फरवरी 2025 को अमेरिका ने पहली बार सैन्य विमान से 104 भारतीयों को अमृतसर भेजा था। इस दौरान कई लोगों को हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां लगी थीं। इसकी तस्वीरें सामने आने के बाद देशभर में विवाद हुआ। संसद में भी हंगामा हुआ था।



# देहरादून कार्यक्रम के बाद जैस्मीन सैंडलस से जुड़ा वीडियो चर्चा में

## सार्वजनिक आयोजनों में कलाकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर उठे सवाल



पंजाबी गायिका जैस्मीन सैंडलस का एक वीडियो इन दिनों सामाजिक माध्यमों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। यह वीडियो देहरादून में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम के बाद का बताया जा रहा है, जिसमें प्रशंसकों से मुलाकात के दौरान कुछ लोगों के व्यवहार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार, देहरादून के परेड मैदान में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम में जैस्मीन सैंडलस ने अपने लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और गायिका के गीतों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जैस्मीन सैंडलस दर्शकों का अभिवादन करने और उनसे मिलने के लिए आगे बढ़ीं। इस दौरान उन्होंने कई प्रशंसकों से हाथ मिलाया और उन्हें भेंट किए गए पुष्प भी स्वीकार किए। इसी बीच सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित एक वीडियो को लेकर चर्चा शुरू हो गई। वीडियो से जुड़े कुछ दावों में कहा गया कि भीड़ में मौजूद कुछ लोगों के व्यवहार से गायिका असहज स्थिति में आ गईं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक स्तर पर कोई पुष्टि नहीं हुई है और न ही गायिका की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

वीडियो सामने आने के बाद अनेक लोगों ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में कलाकारों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कई लोगों का कहना है कि कलाकार अपने प्रशंसकों से आत्मीयता के साथ मिलते हैं, इसलिए उनके प्रति सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस घटना ने बड़े सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा को जन्म दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि कलाकारों और दर्शकों के बीच संवाद के दौरान पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध होना आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधाजनक स्थिति से बचा जा सके।

# 'रामायण' भारत की संस्कृति को विश्व तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी : रकुल प्रीत सिंह

## महाकाव्य फिल्म का हिस्सा बनने पर अभिनेत्री ने जताया गर्व



अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता और गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और विरासत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सामाजिक माध्यम पर साझा किए गए अपने संदेश में रकुल प्रीत सिंह ने कहा कि ऐसी रचना का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है, जो मनोरंजन से आगे बढ़कर भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने दर्शकों के सामने इस भव्य कथा को प्रस्तुत करने को लेकर उत्साह भी व्यक्त किया। निर्देशक नितेश तिवारी की इस बहुचर्चित फिल्म में रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा की भूमिका निभाती नजर आएंगी। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता और यश रावण की भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म दो भागों में प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म का भव्य परिचय समारोह हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें फिल्म से जुड़े अनेक कलाकार, निमार्ता और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में फिल्म की प्रस्तुति और निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी साझा की गई। समारोह के दौरान अभिनेता यश ने भी फिल्म से जुड़ने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उनके लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों दृष्टियों से विशेष महत्व रखती है। उन्होंने फिल्म से जुड़ने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। भारतीय संस्कृति और पौराणिक परंपराओं पर आधारित रामायण को आने वाले वर्षों की सबसे चर्चित फिल्मों में माना जा रहा है। दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर पहले से ही उत्सुकता बनी हुई है और इसके दोनों भागों की प्रतीक्षा की जा रही है। फिल्म से जुड़े कलाकारों का मानना है कि यह प्रस्तुति भारतीय संस्कृति, आदर्शों और मूल्यों को विश्वभर के दर्शकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



# सीता के रूप में साई पल्लवी का पारंपरिक अंदाज बना आकर्षण का केंद्र

## कांजीवरम साड़ी और सादगीपूर्ण श्रृंगार ने जीता प्रशंसकों का दिल

अभिनेत्री साई पल्लवी का पारंपरिक परिधान हाल ही में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिल्म रामायण : भाग-1 के प्रचार कार्यक्रम के दौरान सीता के रूप में उनकी उपस्थिति ने दर्शकों और फैशन प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से उनकी कांजीवरम साड़ी और सादगीपूर्ण प्रस्तुति की व्यापक सराहना की जा रही है। साई पल्लवी ने इस अवसर पर सुनहरे रंग की कांजीवरम साड़ी धारण की थी, जिस पर गहरे गुलाबी रंग की किनारी आकर्षण बढ़ा रही थी। रंगों का यह संयोजन पारंपरिक भारतीय परिधान की गरिमा और सौंदर्य को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता दिखाई दिया। साड़ी के साथ उन्होंने समान रंगों का सादा और सुरुचिपूर्ण ब्लाउज पहना। परिधान की विशेषता यह रही कि इसमें अनावश्यक आडंबर के बजाय सादगी और संतुलन को महत्व दिया गया, जिससे संपूर्ण रूप और अधिक प्रभावशाली बन गया। श्रृंगार के लिए साई पल्लवी ने गले में पारंपरिक हार, कानों में झुमके तथा हाथों में चूड़ियां धारण कीं। आभूषणों का चयन भी उनके पारंपरिक स्वरूप के अनुरूप रहा और उसने परिधान की भव्यता को और निखारा। हेयर शैली में उन्होंने अपने स्वाभाविक घुंघराले बालों को अपनाते हुए उन्हें अर्ध-बंधे रूप में रखा। इस शैली ने उनके चेहरे की सहज सुंदरता को उभारने का कार्य किया। वहीं, हल्के श्रृंगार और माथे पर सजी छोटी बिंदी ने उनके रूप को पूर्णता प्रदान की। साई पल्लवी का यह पारंपरिक स्वरूप उन महिलाओं के लिए प्रेरणा माना जा रहा है जो विवाह समारोहों और विशेष अवसरों पर सादगी के साथ आकर्षक और गरिमामय परिधान धारण करना पसंद करती हैं। फैशन प्रेमियों का मानना है कि पारंपरिक साड़ी, संतुलित आभूषण और स्वाभाविक श्रृंगार का यह मेल भारतीय परिधान संस्कृति की सुंदरता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। साई पल्लवी का यह रूप एक बार फिर साबित करता है कि सादगी, आत्मविश्वास और पारंपरिक भारतीय सौंदर्य का संयोजन हमेशा विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहता है।



# 16 साल बाद स्पेन फिर बना विश्व चैंपियन

## फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराया

**न्यूयॉर्क।** स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। 2010 के बाद स्पेन ने 16 वर्ष बाद विश्व कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में स्पेन ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा।

निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं, लेकिन अर्जेंटीना के मिडफील्डर एनजो फर्नांडीज के रेड कार्ड मिलने के बाद टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने को मजबूर हो गई। इसका फायदा उठाते हुए स्पेन के फेरान टोरेस ने एक्स्ट्रा टाइम में मैच का एकमात्र गोल दागकर टीम को जीत दिलाई।

स्पेन ने मैच में गेंद पर लगातार नियंत्रण बनाए रखा और अर्जेंटीना के आक्रमण को पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया। स्पेन ने 20 शॉट लगाए, जबकि अर्जेंटीना पूरे मुकाबले में गोल पर प्रभावी हमला नहीं कर सकी। कप्तान लियोनेल मेसी भी स्पेनिश रक्षा पंक्ति के सामने प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे।

इस जीत के साथ स्पेन ने दूसरा विश्व कप खिताब अपने नाम किया, जबकि लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने का अर्जेंटीना का सपना अधूरा रह गया। वहीं, मेसी के भविष्य को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं, क्योंकि यह उनका आखिरी विश्व कप मुकाबला माना जा रहा है।

### रोहित का शतक पड़ा फीका

# इंग्लैंड ने 7 साल बाद जीती वनडे सीरीज




**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में इंग्लैंड ने भारत को 27 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इसके साथ ही इंग्लैंड ने 2019 के बाद पहली बार भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने का कारनामा किया। इससे पहले इंग्लैंड टी20 सीरीज में भी भारत को मात दे चुका था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 ओवर में तीन विकेट पर 387 रन बनाए। टीम की ओर से बेन डकेट ने 141 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि जैकब बेथेल ने 91 और जो रूट ने नाबाद 74 रन का योगदान दिया। अंतिम ओवरों में जोस बटलर ने केवल 13 गेंदों में नाबाद 41 रन ठोककर इंग्लैंड के स्कोर को विशाल बना दिया। उनकी इस तेजतर्रार पारी ने मैच का रुख तय करने में अहम भूमिका निभाई। 388 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 147 रन जोड़कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गिल 77 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रोहित ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 138 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 17 चौके और पांच छक्के लगाए तथा लॉर्ड्स में वनडे शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। रोहित के बाद विराट कोहली ने भी जिम्मेदारी संभाली और 74 रन की उपयोगी पारी खेली। रोहित और विराट के बीच 113 रन की साझेदारी ने भारत की उम्मीदों को जिंदा रखा, लेकिन रोहित के आउट होने के बाद मैच धीरे-धीरे इंग्लैंड की पकड़ में चला गया। कोहली के विकेट गिरते ही भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 360 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से सैम करन ने चार विकेट लेकर भारत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वहीं, आर्चर, राशिद और बेथेल को एक-एक सफलता मिली। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीरीज पर कब्जा जमाया, जबकि रोहित शर्मा की यादगार शतकीय पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी।

## सोमवार, 20 जुलाई राशिफल

मेष: आज आपकी प्रतिभा और मेहनत दोनों रंग लाएंगे। करियर में कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है और वरिष्ठ अधिकारियों से प्रशंसा मिलेगी। रुके हुए कार्यों में गति आएगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा और मन प्रसन्न रहेगा।

वृष: आज धैर्य और समझदारी से लिया गया फैसला भविष्य में बड़ा लाभ देगा। घर-परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और किसी करीबी का सहयोग मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें और निवेश सोच-समझकर करें। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन खान-पान में लापरवाही न करें।

मिथुन: आज बातचीत और नए संपर्क आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। करियर में पुराने प्रयासों का अच्छा परिणाम मिल सकता है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। वाद-विवाद से बचें और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कर्क: आज कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन मेहनत का पूरा फल मिलेगा। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखें। शाम का समय आरामदायक रहेगा।

सिंह: आज सफलता आपके कदम चूम सकती है। करियर में नई उपलब्धि मिलने के योग हैं और आपकी कार्यशैली की सराहना होगी। खान-पान पर ध्यान दें और अनावश्यक खर्च से बचें। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी।

कन्या: आज आत्मविश्वास और स्पष्ट सोच आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगी। इंटरव्यू, मीटिंग या किसी बड़े निर्णय के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा और परिवार का सहयोग मिलेगा। बड़े निवेश को फिलहाल टालना बेहतर रहेगा।

तुला: आज खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। मन थोड़ा बेचैन रह सकता है, लेकिन शाम तक स्थिति बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता रहेगी और योजनाओं पर ध्यान देना लाभदायक रहेगा। किसी भरोसेमंद व्यक्ति से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

वृश्चिक: आज मित्रों और सहयोगियों से अच्छा लाभ मिल सकता है। कोई पुरानी योजना दोबारा शुरू करने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी और आर्थिक मामलों में सुधार होगा। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा।

धनु: आज आपका कौशल और अनुभव करियर में नई पहचान दिला सकता है। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा या नए कार्य की योजना बन सकती है।

मकर: आज सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। काम का दबाव बढ़ सकता है, इसलिए आराम के लिए भी समय निकालें। शिक्षा, करियर और सरकारी कार्यों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। परिवार का सहयोग आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

कुंभ: आज कागजी काम, दस्तावेज और कानूनी मामलों में सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी सूझबूझ की सराहना होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा और आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी से बचें।

मीन: आज साझेदारी और कारोबार से जुड़े मामलों में सफलता मिलने के अच्छे संकेत हैं। कानूनी अनुबंध या नया समझौता भविष्य में लाभदायक साबित हो सकता है। परिवार और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। बड़े फैसले लेने के लिए दिन अनुकूल है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# युवाओं को जैन दर्शन के माध्यम से संतुलित जीवन जीने की कला सिखाई

## जैन धर्म पर आधारित सत्र आधिकारिक रूप से शुरू

एनएनआई



**आगरा।** निर्मल सेवा सदन, छीपीटोला में आयोजित जैन धर्म पर आधारित शानदार सत्र आधिकारिक रूप से शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य युवा सोच को प्रेरित करना और जैन दर्शन, मूल्यों, आध्यात्मिकता तथा आत्म-विकास के मार्ग की गहरी समझ प्रदान करना है। प्रवचन में मानों ऐसा लग रहा था जैसे आगरा के युवाओं में बच्चों में और बड़ों में एक ऐसा उत्साह भर गया जैसे किसी ने एनर्जी ड्रिंक दे दी हो ' संयुक्त धर्म सभा मे बोलते हुए पूज्य मुनि श्री 108 समत्व सागर महाराज द्वारा मार्गदर्शित (वंडरफुल जैनिज्म) एक बेहद लोकप्रिय आध्यात्मिक और प्रेरक पहल है। यह आधुनिक समाज, विशेषकर युवाओं को जैन दर्शन के माध्यम से संतुलित जीवन जीने की कला सिखाई हैं 'युवाओं पर विशेष ध्यानः कॉरपोरेट पृष्ठभूमि से होने के कारण मुनि श्री आज के युवाओं की भाषा और उनकी मानसिक उलझनों (जैसे डिप्रेशन, करियर का तनाव, रिश्तों में दूरी) को गहराई से समझते हैं। दैनिक जीवन के व्यावहारिक सूत्रः उनके विशेष सत्रों में 'क्रोध प्रबंधन', रात्रि भोजन त्याग के वैज्ञानिक लाभ, और दिखावे की जिंदगी से दूर रहने के व्यावहारिक उपाय बताए जाते हैं प्रवचन श्रृंखला और समाधानः मुनि श्री द्वारा विशेष आध्यात्मिक सत्रों के माध्यम से लोगों की शंकाओं का तार्किक और सरल समाधान किया जाता है। इस मौके पर श्रुत मंथन वषायोंग समिति के मनोज जैन, मुरारी लाल जैन, अनिल जैन,रमेश जैन, मुकेश जैन, सतेंद्र जैन, राजीव जैन, आशीष जैन आशु जैन, चक्रेश जैन, रोहित जैन, विवेक जैन अनिकेत जैन, आदिश जैन गौरव जैन, सचिन जैन, मीडिया प्रभारी राहुल जैन समस्त नमोस्तु शासन संघ एवं समस्त मंडल एवं सकल जैन मौजूद था।

# श्री महाकालेश्वर मंदिर में सावन महोत्सव का होगा आयोजन

## 2 से 10 अगस्त तक श्री महारुद्र यज्ञ, रुद्राभिषेक एवं श्रीराम कथा का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** श्री महाकालेश्वर मंदिर, बूढ़ी का नगला, दयालबाग में आयोजित होने जा रहे सावन महोत्सव के आमंत्रण पत्र का विमोचन मंदिर परिसर में श्रद्धापूर्वक किया गया। यज्ञाचार्य पंडित सुनील कुमार वशिष्ठ ने बताया कि सावन महोत्सव के अंतर्गत 2 अगस्त से 10 अगस्त तक मंदिर में प्रतिदिन श्री महारुद्र यज्ञ, रुद्राभिषेक एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक रहेगा, जबकि प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्री महारुद्र यज्ञ एवं पूजन संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन का शुभारंभ 2 अगस्त को प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं शामिल होंगी। महिला मंडल अध्यक्ष सरिता तिवारी ने बताया कि नौ दिवसीय इस आध्यात्मिक आयोजन में चित्रकूट धाम के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विमलेश त्रिवेदी महाराज श्रीराम कथा का अमृतपान कराएंगे। कथा की परीक्षित बूट्टी बाई तिवारी होंगी। रामचरण शर्मा ने बताया कि यमुना तट पर स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर की विशेष पहचान यहां स्थापित सवा लाख रुद्राक्षों से सुशोभित दिव्य शिवलिंग है, जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सावन महोत्सव में सहभागिता कर भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सुभाष गिरि, विपिन पराशर, पं. अरविंद द्विवेदी, पं. प्रदीप द्विवेदी, एडवोकेट हिमांशु, रविकांत शर्मा, रमेश शुक्ला, पं. शुभम द्विवेदी, करुणा तिवारी, नीलू पांडेय, संगीता द्विवेदी, हेमलता, हरिओम, सौरभ चड्ढा, प्राप्ति माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

# 23-29 जुलाई तक बहेगी श्रीमद्भागवत कथा की अमृतमयी गंगा

## फतेहाबाद रोड स्थित राजदेवम में श्रीश्याम परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा



एनएनआई

**आगरा।** श्रीहरि के दशावतारों की संगीतमय कथाओं का सात दिन का उत्सव श्रीमद्भागवत कथा। जहां भक्त भक्ति में डूबकर श्रीमद्भागवत कथा की अमृतमयी गंगा में डुबकी लगाएंगे। 23 से 29 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीश्याम परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा फतेहाबाद रोड स्थित राजदेवम में किया जा रहा है। जिसमें पूज्य श्रीजया किशोरी अपनी ओजस्वी वाणी से भक्तों को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का पान करवाएंगी। 22 जुलाई को भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा। यह जानकारी संजय प्लेस स्थित होटल पीएल पैलेस में आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता, आयोजन समिति के विकास मांगलिक, अनिल कुमार गुप्ता, विनीत मांगलिक, ऋषिक मांगलिक, अर्पित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जुलाई को विजय नगर स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर से 1000 श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर बैंड-बाजों और भक्ति गीतों के साथ शामिल होंगी। धार्मिक आस्था और उत्साह से भरपूर यह यात्रा क्षेत्र में भक्ति का वातावरण निर्मित करेगी। 23 जुलाई से 29 जुलाई तक राजदेवम परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें प्रसिद्ध कथा वाचिका जया किशोरी अपने मुखारबिन्द से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से आलोक अग्रवाल, संजय गुप्ता, मीतेश मित्तल, मोंटू भार्गव, संतोष शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मुनिराजों के मंच पर आते ही पंडाल जयकारों से गूंजा

## बैंड अपनी मधुर ध्वनि से तुम से लगी लगन भजन पर नृत्य व संगीत पर महिलाएं झूमती रही

एनएनआई



**आगरा।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, पश्चिमपुरी में श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर सात, आवास विकास कॉलोनी, सिकंदरा आगरा में हुआ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन जिसमें सबसे पहले शान्तिनाथ पाठशाला के बच्चें जैन ध्वजा लेकर लेकर बैंड अपनी मधुर ध्वनि से तुम से लगी लगन भजन पर नृत्य व संगीत पर महिलाएं झूम रही थी। आचार्य सौभाग्यसागर महाराज एवं आचार्य सुरत्नसागर महाराज ससंघ महाराज ससंघ, भव्य मंगल सेक्टर सात आवास विकास में हुआ, ढोल नगाड़ों, बैंड बाजों के साथ भव्य अगवानी हुई जगह-जगह पर पाद प्रक्षालन हुऐ, मुनिराजों के मंच पर आते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा। बालिका द्वारा सुन्दर मंगलाचरण किया गया। इसके बाद दीप प्रज्जवलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट आदि मांगलिक कार्य संपन्न हुए। मंच संचालन पंडित आशुतोष शास्त्री ने किया। आचार्य सौभाग्यसागर महाराज ने अपनी अमृतवाणी से कहा कि वह स्थान अचल रूप में टिक जाता है। महानुभावों, अपनी मुनिराजों के रीतियों को आप यहाँ पर स्मरण करेंगे, भक्ति करेंगे। यह बड़ा सौभाग्य का आपका समय आया है। महानुभावों, भगवान की पूजा इस युग में, इससे बड़ा कोई हमारे पास मोक्ष मार्ग का कोई उपाय नहीं है।

इस मौके पर मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष अतुल जैन, मंत्री राकेश जैन, राजेश बैनाड़ा, विजय जैन निमोरब, सुशील जैन, राहुल जैन मंडल अध्यक्ष, अनुराग जैन, संजय जैन, आदर्श जैन, सुजीत जैन, मनोज जैन, प्रशांत जैन, सिद्धार्थ जैन, अभिषेक जैन, मीडिया प्रभारी राहुल जैन सकल जैन समाज मौजूद था।

